सवाई माधोपुर में लाइटिंग, सफाई एवं सड़कों के सुधार पर विशेष जोर

कलैक्टर ने कचरा संग्रहण सुधारने व विकास कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए



जिला कलक्टर काना राम ने नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

- नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी

सवाई माधोपुर। त्यौहार के मौसम में सवाई माधोपुर शहर में प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और गली-सड़कों की मरम्मत कार्य कर सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिला मुख्यालय और अन्य नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला कलक्टर काना राम ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। कलक्टर की अध्यक्षता में बुधवार को नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा विभिन्न विकास कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने दीपावली से पूर्व पूरे शहर में बेहतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खण्डार बाईपास एवं रणथंभौर रोड सहित प्रमुख मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था सुधारने तथा दिन के समय अनावश्यक रूप से जलने वाली स्ट्रीट लाइट बंद रखने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया को दिए। नगर परिषद को शहर में नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यकता के अनुसार दो पारियों में सफाई करवाने तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कहा। कॉलोनियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा होने वाले स्थलों की पहचान कर वहां से कचरा हटाने तथा स्वच्छता व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में शहर की सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों पर आवश्यक मरम्मत एवं पेचवर्क करवाने तथा लंबित सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर विस्तार से चर्चा हुई। शहर में संचालित विकास परियोजनाओं की कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक स्वीकृतियां एवं तकनीकी प्रक्रियाएं समय पर पूरी करने पर भी जोर दिया गया। कलक्टर ने शहर के प्रमुख सर्किलों, उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थलों की प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण कार्य दीपावली से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही दशहरा एवं रावण दहन कार्यक्रम के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए नगर परिषद, पुलिस एवं संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली के मद्देनजर नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शहर की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सड़क सुधार एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित कासनिया, एसडीएम शिवराज मीना, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, सीओ सिटी राजेन्द्र मीना सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

किशनगढ़ बास में रामलीला मंचन

किशनगढ़ बास। कला मंच समिति द्वारा आयोजित श्री रामलीला मंचन में मंगलवार रात्रि को राम-केवट संवाद और भरत मिलाप की मार्मिक लीला का मंचन किया गया। भगवन सांची कहो ना विचारी हैं क्या भजन पर केवट प्रसंग ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि लीला में भगवान राम की निषादराज से भेंट, केवट द्वारा चरण धोने की शर्त रखना, इस डर से कि कहीं उनकी नाव भी अहिल्या की तरह नारी न बन जाए, राम द्वारा केवट की शर्त मानना और गंगा पार करना दर्शाया गया। इसके बाद दशरथ द्वारा श्रवण कथा और श्राप का वृतांत सुनाकर प्राण त्यागना, भरत का अपनी माता कैकयी को कोसना, भाई राम को मनाने चित्रकूट जाना और वहां से राम की खड़ाऊं लाकर अयोध्या के सिंहासन पर विराजमान करने की लीला दिखाई गई। इस दौरान व्यास पीठ की जिम्मेदारी चंद्रप्रकाश शर्मा ने निभाई। राम की भूमिका पीयूष शर्मा, लक्ष्मण मोहित यादव, सीता हर्षित अग्रवाल, केवट नवीन जैन, भरत धीरज सोनी, शत्रुघ्न हर्ष शर्मा, सुमंत्र राकेश तिवारी, वसिष्ठ गजेंद्र यादव, निषाद दीपक सैन, दशरथ महेंद्र चौहान और कैकयी की भूमिका धीरज अग्रवाल ने निभाई।

मनोहरपुर में विश्व मानक दिवस मनाया

मनोहरपुर। आंधी के कांग्रेसी नेता नदीम पठान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 अक्टूबर को विश्व भर में विश्व मानक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को मानकों के महत्व के प्रति जागरूक करना और अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण के योगदान को पहचान देना है। यह दिवस 1946 में अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। मानक हमारे दैनिक जीवन को सुरक्षित, सुगम और गुणवत्तापूर्ण बनाते हैं - चाहे वह बिजली के उपकरण हों, खाद्य पदार्थ हों या निर्माण सामग्री। भारत में मानकीकरण का दायित्व भारतीय मानक ब्यूरो निभाता है। गुणवत्ता प्रमाणन, मार्क और मानक निर्धारण के माध्यम से उपभोक्ताओं को सुरक्षित व गुणवत्तायुक्त उत्पाद उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर आंधी में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। स्कूली छात्रों को, मार्क और मानक उत्पादों की पहचान के बारे में जानकारी दी गई।


छात्रावास निर्माण के लिए 3 लाख 21 हजार रूपए का सहयोग

चौमूं / कालाडेरा । शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो किसी भी समाज को उन्नित के शिखर पर ले जा सकता है। इसी मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए चौमूं सब्जी मंडी के यादव समाज के आढ़तियों ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए एक अनुकरणीय पहल की है। यादव समाज द्वारा चौमूं तहसील में बन रहे निर्माणाधीन यादव छात्रावास के लिए मंडी के आढ़तियों ने एकजुट होकर लाखों रुपये की आर्थिक सहायता राशि भेंट की है। सामूहिक बैठक में लिया गया इस ऐतिहासिक सहयोग के लिए महासभा के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश खातोदिया, बंशीधर मंडल, छात्रावास निर्माण समिति अध्यक्ष बालू राम घी वाले ने आढ़तियों का आभार व्यक्त किया । सामाजिक प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा के प्रति ऐसा समर्पण दिखाना बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय है।

अवैध परिवहन मामले में 5 ट्रेक्टर-ट्रौली जब्त

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध विशेष अभियान में घाड थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित थाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दौराने गश्त धुवांकलां-घाड रोड से अवैध बजरी खनन कर परिवहन करते पाये जाने पर एक ट्रेक्टर मय ट्रोली को जप्त किया जाकर उसके चालक किमतराज मीणा पुत्र सोहन मीणा निवासी डाटुन्दा उम्र 31 साल को गिरफ्तार किया गया।

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कोटपूतली में भव्य सुंदरकांड पाठ कल

कोटपूतली। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और गौ-सेवा के पावन संकल्प को लेकर बुधवार को गौ-सेवार्थ सुंदरकाण्ड समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समिति के संयोजक जितेन्द्र जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शारदीय नवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में आगामी 16 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 04 बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जायेगा।

पावटा रामलीला में सीता हरण का मंचन

पावटा। आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वावधान में रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के ग्यारहवें दिन सीता हरण का मंचन हुआ। इसमें शूर्पणखा के अपमान, खर-दूषण वध और रावण द्वारा सीता के अपहरण का प्रसंग दिखाया गया। शूर्पणखा की भूमिका मुकेश सोनी, ख्याली टांक, महेश पारीक, खर की भूमिका नरेंद्र गौड, दूषण की राजू पटेल तथा त्रिशिरा की भूमिका दीपक भारद्वाज ने निभाई।

रावण की भूमिका विकास पुजारी, मारीच की रामशरण बोहरा और रावण के साधु वेश की भूमिका महेश पारीक, सुग्रीव की दीपक भारद्वाज, बाली की विकास पुजारी, तारा मुकेश सोनी ने निभाई। राम की भूमिका लक्की भारद्वाज, लक्ष्मण की शुभम मिश्रा तथा सीता की भूमिका तनुज जोशी ने निभाई। वही व्यास पीठ पर बैठे व्यास योगेश शर्मा द्वारा श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का सस्वर गायन और वाचन किया गया, जिससे मंच पर चल रहे दृश्यों, संवादों और प्रसंगों की कथा आगे बढ़ी।

भरतपुर एवं बयाना के 7 राशन डीलरें के लाइसेंस निरस्त

- निरीक्षण में 51.277 क्विंटल गेहूं की कमी मिलने पर कार्रवाई
- राशन वितरण व्यवस्था सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक इंतजाम

भरतपुर । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला रसद विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। भरतपुर शहर एवं बयाना क्षेत्र के 7 उचित मूल्य दुकानदारों के प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही, संबंधित डीलरों की विभागीय खाते में जमा प्रतिभूति राशि भी राजहित में जब्त कर ली गई है।

औचक निरीक्षण में 51.277 क्विंटल गेहूं की कमी मिली:- जिला रसद अधिकारी कुशाल बिलाला ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान शहर के वार्ड संख्या 01 स्थित बजरंग नगर के उचित मूल्य दुकानदार सूरजभान सिंह की दुकान पर भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण में दुकान पर 51.277 क्विंटल गेहूं की गंभीर कमी पाई गई। सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी आवश्यक जनसेवा में गंभीर अनियमितता एवं प्राधिकार पत्र की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग ने संबंधित डीलर का लाइसेंस निरस्त कर उसकी प्रतिभूति राशि जब्त करने की कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि विभागीय कार्रवाई के तहत भरतपुर शहर एवं बयाना क्षेत्र के छह अन्य उचित मूल्य दुकानदारों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं।

जो धर्म की रक्षा करते हैं, उनका सुखद होता है अन्त : सुन्दर सागर

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में नवरात्रि के उपलक्ष्य में आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ के सानिध्य में पंच परमेष्ठि विधान का आयोजन किया गया, जिसमें सेंकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। चातुर्मास कमेटी के मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि पंच परमेष्ठि विधान का शुभारंभ सुशील कुमार, नीरा जैन, नेमीचंद, संजय कुमार सिरस, विष्णु कुमार, ममता बोहरा एवं हुकमचंद, पारसमल जैन ने भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। विधान की शुरुआत इन्द्र सत्यनारायण, गिर्राज प्रसाद एवं महेश कुमार मोठूका व भागचंद, पंकज कुमार जैन ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शांतिनाथ जी के शांतिधारा करके किया। विधान में आचार्य निमंत्रण के साथ पांच मंगल कलशों की स्थापना हुई। जिसमें सामग्री पुण्यार्जक विमल कुमार, नीशु जैन झिलाय, सचिन बहड़, हुकमचंद, पारसमल जैन, भागचंद सारसोप ने अष्ट द्रव्यों से भगवान की पूजा अर्चना करते हुए मण्डप पर 60 श्रीफल समर्पित किए। जिसमें सुशील कुमार, नीरा जैन, नेमीचंद, संजय कुमार सिरस, विष्णु बोहरा, महेश मोठूका, नवरत्न टोंग्या, शंभु कठमाणा, राजेन्द्र बगड़ी, अशोक काला व अमित जैन सहित कई श्रद्धालुओं ने विधान में पूजा अर्चना करते हुए भक्ति नृत्य किया।

आचार्य सुन्दर सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति धर्म व संस्कृति की रक्षा करने में अपना जीवन समर्पित करते है, उनका अन्त सुखद होता है। उसे भविष्य में पश्चाताप नहीं करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मंदिर में दस दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें कंठस्थ कला केन्द्र के निशांत एण्ड पार्टी दिल्ली द्वारा राम दरबार के दर्शन करवाएं जाएंगे।

टोंक कलैक्टर ने नहरों की साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए

- उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्य को सुचारु रुप से करने के निर्देश दिए

टोंक। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने जिले के छोटे-बड़े बांधों से जुड़ी नहरों की साफ-सफाई व मरम्मत कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने बांध व क्षेत्र वाइज निरीक्षण को लेकर अधिकारियों के ड्यूटी आदेश जारी किए, ताकि इस कार्य को समय पर पूरा किया जा सकें। उन्होंने वीसी में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इस कार्य को सुचारु रुप से करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के लिए 37 जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को नियुक्त किया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि निरीक्षण के दौरान नहरों की साफ-सफाई के पूर्व व बाद के फोटोग्राफ लिए जाएं, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सकें। कलेक्टर ने बुधवार को बीसलपुर प्रोजेक्ट की दांयी मुख्य केनाल की बमोर सब ब्रांच का निरीक्षण किया तथा जल संसाधन विभाग एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को नहरों की साफ-सफाई के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर के निर्देश पर अन्य प्रशासनिक अधिकारियो ने भी अपने-अपने आंवटित क्षेत्र में नहरों की स्थिति एवं साफ-सफाई का जायजा लिया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि प्रस्तावित आवासीय प्रोजेक्ट यूफोरिया खसरा संख्या 318/302,325/303,312/307, 317/302,323/298,321/297,322/298 &310/307, ग्राम-पावास,तहसील,जयपुर-जिला,जयपुर,राजस्थान,जिसका कुल भूखंड क्षेत्र 6135.00 वर्ग मीटर तथा निर्मित क्षेत्र 52,631.59 वर्ग मीटर है, पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या RJ/26/SEAC2(06)/INFRA2/EC /1249 दिनांक 03/10/2026 को प्रदान कर दी गई है,सहमती प्रपत्र की प्रति पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है।

क्रियांश बिल्डर्स एंड डेवलपर्स एलएलपी

आम सूचना-खोया पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-जयपुरा, पंचायत समिति-सांगानेर, जिला-जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या-67,68 एवं 71 श्रीमती मायना देवी को, तथा 69 रामचन्द्र शर्मा को, ग्राम- खो-रेबारियान का जारी आबादी भूमि का पट्टा विलेख/आबंटन पत्र, मय रसीदें मानसरोवर, जयपुर-20 से कहीं खो गए है। उक्त दस्तावेजात जिस किसी को प्राप्त हों, वह उनका दुरूपयोग नहीं करें तथा उनकी वर्तमान मालिक श्रीमती कल्याणी देवी, पत्नी-श्री आशाराम मीना, निवासीनी-20/184, कावेरी पथ, मानसरोवर, जयपुर-20. को लौटा देवें।

मुख्तारआम-आशाराम मीना, मो-9468963855

नगर निगम जयपुर

क्रमांक: एफ-6() उपा राज.-द्वितीय (सा.प्र.)/ननिज/2026/904 सार्वजनिक विज्ञप्ति दिनांक 13.10.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में नाहरी का नाका (पूर्व), जयपुर में स्थित भूखण्ड संख्या 588, नाहरी का नाका (पूर्व) जयपुर का आवंटन पत्र श्रीमती बनाव पत्नी श्री पन्ने खां के नाम से जारी किया गया था। अब उक्त भूखण्ड संख्या 588, नाहरी का नाका (पूर्व), नया जालुपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 104.52 वर्गमीटर का लीज होल्ड पट्टा विभिन्न पंजीकृत/अपंजीकृत श्रृंखलाबद्ध एवं शपथ पत्र आदि दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का लीज होल्ड पट्टा श्री नवाब अली पुत्र श्री निजाम खान निवासी 599, हाऊसिंग बोर्ड, न्यू जालुपुरा, जयपुर दूरभाष नं. 7976077396 द्वारा चाहा गया है। अतः उक्त भूखण्ड संख्या 588, नाहरी का नाका (पूर्व), नया जालुपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 104.52 वर्गमीटर भूखण्ड की पत्रावली का पुनर्गठन एवं लीज होल्ड पट्टा श्री नवाब अली पुत्र श्री निजाम खान निवासी 599, हाऊसिंग बोर्ड, न्यू जालुपुरा, जयपुर के पक्ष में किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी अथवा अन्य हितसम्बद्ध व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयः उपायुक्त, राजस्व द्वितीय, कक्ष सं. 227 प्रथम तल, नगर निगम जयपुर मुख्यालय, लाल कोठी जयपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार उक्त भूखण्ड की पत्रावली का पुनर्गठन एवं लीज होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय) नगर निगम, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

डी.आर.एम./ बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आंमत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता:** http://www.ireps.gov.in, **2. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 04.11.2026 को 15.00 बजे तक, **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 04.11.2026 को 15.00 बजे के बाद, **निविदा संख्या:** 16R/2026-27, **कार्य का विवरण:** Electrical work in connection with construction of new staff quarters of Type-II (PMY- 11nos., LUNI-05nos.=Total 16 nos), Type -III (PMY-01 nos, LUNI-01nos = Total 02 nos) under ADEN/LINE Jodhpur Division, **अनुमानित लागत रूपये:** Rs. 3676072.78, **निविदा संख्या:** 24R/2026-27, **कार्य का विवरण:** (i) Electrical Work in c/w Provision of centralised monitoring control building with arrangements for unified NMS of Kavach, EI networking, centralised exchange-VOIP an DIP-MPLS, NMS, RDPMS, CCTV etc in Jodhpur DRM Office. (ii) Electrical Work in c/w strengthening / provision of telecom store with office facilities for SSE/ JE Telecom at 11 locations and TCM duty room at 23 locations over JU Division. (iii) Electrical Work in c/w provision of signal store with other facilities for SSE/JE signal at 28 locations and ESM duty room at 19 locations over JU Division., **अनुमानित लागत रूपये:** Rs14408582.90. विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

1470-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

खोया पाया

प्लॉट B 164 शालिग्रामपुरा JDA जयपुर के ओरिजनल अलॉटमेंट, रिजर्वेशन लेटर जो सुनीता शेखावत के नाम है गुम हो गए है। मिलने पर सूचित करें9414770749

मेरे प्लाट संख्या 13, 75 वर्गगज सुदर्शन रॉयल सिटी चंदलाई, जयपुर के मूल पट्टा, साईट प्लान, रसीद आदि जो बाबा आर.एन. गौड सहकारी समिति लि. द्वारा जारी किये गये कही गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें- रोहित शर्मा 9145878181

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर की आवासीय योजना - साईट एण्ड सर्विस, मालवीय नगर, जयपुर के प्लॉट नम्बर 49/1 का मूल आवंटन पत्र, मूल जेडीए पट्टा, व मूल विक्रय पत्र दिनांक 18.09.2003 कही गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। - महेन्द्र मोबाईल नम्बर 9636335905

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-खुली निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक **(कैरिज व वैगन)** उत्तर पश्चिम रेलवे **जयपुर** द्वारा भारत के राष्ट्रपति महोदय की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिए दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युयल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युयल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **1. ई-निविदा संख्याः EL-CHG-JP-01R-2026-27 | 2. कार्य का नाम व स्थानः** JP div-Maintenance of Non-AC coaches for the period of two years over jp division. **3. अनुमानित लागतः** ₹27592602.56/- (दो करोड़ पिचेत्तर लाख ब्यानमे हजार छः सौ दो रुपये छप्पन पैसे मात्र)। **4. बयाना राशीः** ₹288000.00 (दो लाख अठयासी हजार रुपये मात्र)। **5. ई-निविदा की अंतिम दिनांक और समयः** 02.11.2026 समय 15:00 बजे। **6. ई-निविदा खोलने की दिनांक और समयः** 02.11.2026 समय 15:30 बजे। उक्त ई-निविदा के सम्बध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर तथा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे-जयपुर के निविदा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं।

1466-MG/26

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई- निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम:** Tender No. EL/C/JP/EPC/CUR/PSI/T01/ 2026-27, बीकानेर डिवीज़न के चुरू-सादुलपुर और भिवानी-दोभ बहाली सेक्शन में SPs और SSPs के साथ 132/55KV TSS (स्कॉट कनेक्टेड ट्रांसफॉर्मर) और SCADA का डिज़ाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग, **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 1625252465.00, **बयाना राशि जो जमा करनी है:** Rs. 32505100.00, **कार्य पूर्ण होने की तिथि:** 12 Months, **बोली-पूर्व सम्मेलन की तारीख और स्थान:** 21.10.2026 at 11.00(AM) at Dy. Chief Electrical Engineer/Construction-1) Rail Nirman Bhawan, Jagatpura, Jaipur-302017, **निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख व समय:** 13.11.2026 Upto 15-00 Hrs., **निविदा प्रपत्र खुलने की तारीख व समय:** 20.11.2026 at 15.00 Hrs., **उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पताः** www.ireps.gov.in

1474-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत अपर सिविल न्यायाधीश क्रम-4 मुकाम जयपुर महानगर द्वितीय

भारत नकवाल बनाम नगर निगम व अन्य

दाबा बाबत....

मुकद्मा नं. 469/15 सन्...

बनाम- (1) मंजू (2) ममता (3) ललीता (4) बब्लू वारिसान मोहनलाल वल्द... कौम...

साकिन प्लाट नं. 78 बी हरि नगर आईरिस कॉलेज के पास, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर

चूंकि.... ने इस अदालत में तारीख... माह... सन् 20... को 1........ बनाम 2...... दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि..... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3....... बनाये जावें।

लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1..... आपको तारीख 17 माह 11 सन् 26 10.00 ए.एम. को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्मा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 7 माह 10 सन् 26 को जारी किया गया।

दस्तखत

मोहर अदालत — अपर सिविल न्यायाधीश क्रम-4 जयपुर महानगर द्वितीय

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4 न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर

लाड कंवर विरुद्ध लक्ष्मणदान आदि

आवेदन आदेश 9 नियम 13 सी. पी. सी. व धारा 151 सी. पी. सी.

प्रकरण संः- 02 सन् 2024

बनाम

1. इन्द्रदान पुत्र जगन्नाथ दान निवासी भड़कासली तहसील धोद जिला-सीकर राज.
2. भंवरसिंह पुत्र मोहन कंवर निवासी मुण्डिया रामसर तहसील व जिला जयपुर राज.
3. मदनसिंह पुत्र मोहन कंवर निवासी कालवाड़ रोड करधनी जयपुर राज.
4. भवानीशंकर पुत्र मोहन कंवर निवासी अम्बावाड़ी जयपुर राज.
5. राम कंवर पुत्री मोहन कंवर पत्नि सहदेवसिंह निवासी संतोषपुरा तहसील धोद जिला-सीकर राज. हाल निवास सुशांत सिटी कालवाड़ रोड जयपुर राज.
6. सत्यनारायण पुत्र पाबूदान निवासी मनासिया तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज.
7. तहसीलदार लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज.

उक्त प्रार्थीया ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन आदेश 9 नियम 13 सी. पी. सी. सपठित धारा 151 सी. पी. सी.

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 14 माह 10 सन् 2026 को 10:00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रुप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसक निपटारा एक पक्षीय रुप से किया जाएगा।

यह आज ता. 29 माह 09 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से-

मोहर अदालत — अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश लक्ष्मणगढ जिला सीकर

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज), चौमूँ जयपुर

राधाबाग कॉलोनी सीकर रोड चौमूँ

PH. NO. 01423-220047 FAX NO. 01423-223873

Email:- KUMS.CHOMUFV@rajasthan.gov.in

क्रमांक : 971-79 दिनांकः । 3-10-2026

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मण्डी समिति में कार्यालय उपयोग हेतु संलग्न शिड्यूल ऑफ रेट्स में वर्णित टैबलेट, इन्वेटर, लैब चेयर्स, लैब कम्प्यूटर टेबल, प्रोजेक्टर स्कीन, स्पीकर व माईक एवं लेजर प्रिन्टर आदि सामग्री सप्लाई हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत फर्मो से दिनांक 22.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शिड्यूल ऑफ रेटस में दरें अंकित करते हुए बन्द लिफाफें मे निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदाताओं (यदि कोई उपस्थित हों या ना हो) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित हो कर या विभागीय वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

सचिव

कृषि उपज मंडी समिति (अनाज), चौमूं जयपुर

नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट नम्बर L7999707 में गलती से मेरा नाम MOHAMMED RASHID KHAN एवं पिताजी का नाम BANDU KHAN दर्ज हो गया। जबकि सही नाम RASHID KHAN एवं BUNDU KHAN है। भविष्य में मुझे RASHID KHAN पुत्र BUNDU KHAN के नाम से जाना जावे। निवासी-135, रघुनाथपुरी, कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर, राज-302012

मेरे पासपोर्ट नम्बर B5787186 में गलती से मेरा नाम MOHEMMED MUSTAQ CHHIMPA एवं पिताजी का MOHEMMED RAFIQ CHHIMPA दर्ज हो गया। सही नाम MOHAMMED MUSHTAQ CHHIPA एवं MOHAMMED RAFIQ CHHIPA है। भविष्य में मुझे MOHAMMED MUSHTAQ CHHIPA पुत्र MOHAMMED RAFIQ CHHIPA नाम से जाना जावे। निवासी-132, रघुनाथपुरी, ईशात ई मस्जिद, झोटवाडा, जयपुर, राज-302012

मै मेरा नाम मीना नेहा कुमारी दिनेशचंद से बदलकर मीना नेहाकुमारी पत्नी श्री चंद्रप्रकाश, निवासी फ्लैट नं. 503, आस्था प्राइम, 52, गोल्यावास, मानसरोवर एक्सटेंशन, जयपुर रख रही हूँ। भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना पहचाना जावे।

I, hitherto known as Ekta D/O Ramesh Yadav, Resident of Mundanwara Kalan Mundawar, khairthal, Tijara Rajasthan), have changed my name and shall hereafter be known as Ekta Yadav It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

I Vikash Khadria, R/o Flat No. 2, Building No. D-2, L.I.C Flats, Sector No. 2, Vidyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan have changed my son's name from Veeven Agarwal to Viven Agarwwal for all future purposes. In future, my son should be known by his new name.

I Manju khanna declare that my name is recorded in Rajasthan government service record as Manju sood khanna.I declare that Manju sood khanna and Manju khanna are same, myself.In future,my name shall be used and written as Manju khanna, as it appears on my Aadhaar card

I Ilayaschi legally wedded spouse of army no 2644107Y Ex GYD SEPOY Late Hyder khan resident of vpo Hanuman dhora teh sujangarh district that i want to change name of my dependent from MUNTAJ to MUMTAJ BANO vide affidavit dated 13 oct 26 before sub divisional magistrate sujangarh

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 62/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री मंयक अडतानी पुत्र श्री भगवानदास निवासी शिवालय के पास आंनद नगर कॉलोनी वार्ड 19 खैरथल ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत एन्जल एकेडमी हनुमान मंदिर रोड खैरथल तहसील किशगढ वास जिला-खैरथल तिजारा राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 22.12.26

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 107/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री नरेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी जखराना जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत सचेत शिक्षण संस्थान ढाई का मोड, पूर बीबीरानी तहसील कोट कासिम जिला-खैरथल-तिजारा राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 22.12.26

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर संभाग, अजमेर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

कार्यालय : राजस्थान लोक सेवा आयोग के सामने, कांकरदा भूणाभाय, जयपुर रोड, अजमेर

मुकदमा नम्बर 5612/2026

चूंकि श्री मोहित अगरवाल सचिव ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17 के अन्तर्गत आदर्श इण्डियन पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति देवली जिला टोंक के पंजियन हेतु प्रन्यास के संबंध में जाँच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतः एवं धारा 18 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियाँ, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जाँच प्रप्त्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। गया।

आज दिनांक 9/10/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया

आगामी तारीख पेशी : 14/12/26

(गिरीश कुमार बचानी)

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 750/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्रीमती मिश्री देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश निवासी ठेकड़ा, तहसील महवा, जिला दौसा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत कल्ली देवी ग्रामीण उत्थान सेवा संस्थान कार्यालय पता-ठेकड़ा, तहसील महवा, जिला दौसा के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 7.10.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 14.12.26

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 751/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री दिनेश चन्द मीना निवासी महवा, तहसील महवा, जिला दौसा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास मंगल सामाजिक एवं शैक्षिणक विकास समिति, महवा, तहसील महवा, जिला दौसा ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 8.10.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 15.12.26

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

NARCOTICS CONTROL BUREAU

WANTED



दिनेश कुमार पुत्र चैनाराम

कद : 5 फीट 9 इंच

आयु : 40 वर्ष

निवासी : ग्राम-विष्णु नगर, डूंगर, डाकघर-सुराणी, थाना-बालेसर, तहसील-शेरगढ़, जिला-जोधपुर

एनसीबी अपराध संख्या : 01/2020 में फरार अभियुक्त

गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने वाले किसी भी व्यक्ति को ₹50,000/- तक का इनाम

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गुप्त रखी जाएगी।

संपर्क करें : उप-निरीक्षक : श्री पंकज शर्मा, संपर्क नंबर : 8368954327

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (NCB), जयपुर आंचलिक इकाई

ई-मेल : zdjpzu-ncb@nic.in फोन नंबर : 0141.2990001

CBC 19126/11/0076/2627